GAP भाषा
A MULTILINGUAL JOURNAL OF RESEARCH
(ISSN – 2582-8770)
Globally peer-reviewed and open access journal.

आदिवासी समुदायों के संघर्ष एवं शोषण का वृतांत : ग्लोबल गांव के देवता

डॉ. पूनम प्रजापति

असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, हिंदी विभाग,
श्रीमती आर.डी.शाह आर्ट्स एण्ड
श्रीमती वी.डी.शाह कॉमर्स कॉलेज
धोलका- 382225 (अहमदाबाद)
चलभाष- 9904064493
drpoonam.prajapati85@gmail.com

सारांश

समसामयिक भूमंडलीकरण एवं औद्योगिकरण अपने चरम पर है, जिसने विश्व को ही एक बाजार बना दिया है। इससे आर्थिक विकास और समृद्धि में वृद्धि हुई है। इस आधुनिक संकल्पना ने न केवल मानव जीवन पर, अपितु पर्यावरण पर भी गहरा प्रभाव डाला है। इसने आर्थिक विकास, प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया है लेकिन साथ ही असमानता, सांस्कृतिक पतन और पर्यावरणीय चिंताओं को भी जन्म दिया है। भारतीय परिपेक्ष्य में आज भी ऐसी अनेक जनजातियाँ हैं जिन्हें बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध नहीं और उन्हें मानव विकास का हवाला देखकर अपने ही अधिकारों से वंचित किया जाता है। भूमंडलीकरण ने आदिवासी समुदायों के जल, जंगल, जमीन और जीवन पर संकट उत्पन्न किया है, जो आज भी अपने अधिकारों की रक्षा, अपने अस्तित्व एवं अस्मिता को बचाने के लिए प्रयासरत है। आदिवासी समुदायों के संघर्ष और शोषण की गाथा से हिंदी साहित्य भी अछूता नहीं है। आदिवासी विमर्श पर अनेक साहित्यिक रचनाएं रची गई हैं जिसमें हिंदी साहित्यकार रणेंद्र ने अपने उपन्यास 'ग्लोबल गांव के देवता' में झारखंड के असुर आदिवासी समुदायों के संघर्ष, शोषण और प्रतिक्रिया की कथावस्तु से भूमंडलीकरण जैसे गंभीर मुद्दे पर आलोचना की है। यह उपन्यास झारखंड के असुर आदिवासी समुदायों के अनवरत जीवन संघर्ष का दस्तावेज है। इस उपन्यास को माध्यम बनाकर भूमंडलीकरण की नीतियों के कारणआदिवासी समुदायों के संघर्ष एवं शोषण के वृतांत को उजागर करने का प्रयास किया गया है ।

बीज शब्द : *भूमंडलीकरण, औद्योगिकीकरण, भारतीय परिप्रेक्ष्य, भू-राजनीति, संघर्ष, वृतांत, आदिवासी समुदाय, शोषण, बाहुल्य संस्कृति, विस्थापन, अस्मिता, अभिन्न अंग , बेदखल, स्वायतत्ता, पूँजीपति वर्ग, जंगल, जमीन, आन्दोलन, विद्रोह*

मूल लेख

भारतीय परिप्रेक्ष्य में कहे तो यह विविधता से भरा देश है, जहाँ अनेक धर्म, भाषा, जाति और समुदाय के लोग मिल-जुलकर रहते हैं। इन्हीं में से एक है आदिवासी समुदाय। आदिवासी दो शब्दों से मिलकर बना शब्द है- 'आदि' का अर्थ है 'पहले से' और 'वासी' का अर्थ है 'निवासी'। आदिवासियों की अस्मिता उनके नाम की परिभाषा से ही निहित होती है-"देश के मूल निवासी माने जाने वाले आदिम समुदाय"। यह जाति जल, जंगल, ज़मीन और प्राकृतिक संसाधनों से जुड़ी हैं और उनकी सामूहिक संरचना और जीवनयापन के ये अभिन्न अंग है। आदिवासी समुदाय अपनी बाहुल्य संस्कृति, भाषा, लिपि, चित्रलिपि, धर्म, रहन-सहन एवं मानवीय मूल्य हर रूप में समृद्ध है, फिर भी अपनी पहचान बनाए रखने के लिए संघर्षरत है। भारतीय समाज का अभिन्न अंग होने के बावजूद आदिवासी समुदायों के लोगों के असभ्य, बर्बर, हिंसक तथा जंगली समझकर मुख्यधारा से सामंजस्य स्थापित नहीं करने दिया जाता।आदिवासियों को अपने अस्तित्व के लिए कभी कोल विद्रोह(1831), कभी मुंडा विद्रोह (1900), तो कभी ब्रिटिश सेना-जमींदार और सामंतियों की क्रूर नीतियों के खिलाफ़ संथाल विद्रोह (1855) कर अपनी अस्मिता के लिए लड़ना पड़ा । भारत में झारखण्ड दलितों का निवासस्थान है, जो शोषित की जन्मभूमि और कर्मभूमि है। झारखण्ड की स्वायतत्ता एवं कल्पना का मूल उत्प्रेरक आदिवासी जातियाँ हैं जिनके आंदोलनों का मुख्य कारण वहाँ की जातियाँ जो समाजिक, आर्थिक, राजनीतिक धार्मिक तथा क्षेत्रीय शोषण की शिकार है। झारखण्ड की प्रमुख जनजातियों में संथाल, मुंडा, उराँव, हो, खड़िया, असुर, खरवार, करमाली, बेदिया, खांड आदि है। आज भी देश के दस पिछड़े जिलों में से छह जिले झारखण्ड के हैं। इन इलाकों ने विकास के पूँजीवादी अवधारणा के दंश को झेला है। झारखण्ड एन्साइक्लोपीडिया खंड-1 का यह कथन उसकी पुष्टि करता है-"झारखण्ड के निवासी एक सुनियोजित और क्रमिक योजना के तहत अपनी जीविका के साधनों के स्वामित्व से, अपने श्रम के उत्पादों से और अपने मानवीय अस्तित्व के अवसरों से ही बेदखल किए जा रहे हैं। उनकी राजनीतिक स्वायतत्ता छिनी जा रही है और उनकी सामुदायिकता को विकास और राष्ट्रहित के नाम पर खंड-खंड, छिन्न-भिन्न किया जा रहा है। सुनियोजित नीतियों के तहत एकात्मता, आत्मसातकरण, राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल करने के नाम पर उन्हें अपनी संस्कृतियों, अपने मूल्यों और अपनी पहचानों से वंचित किया जा रहा है।"[1]

रणेंद्र आदिवासी बाहुल्य राज्य झारखण्ड से विशेष संबंध रखते हैं इसीलिए उन लीगों की संस्कृति, सभ्यता और संघर्ष को करीब

https://www.gapbhasha.org/

GAP भाषा
A MULTILINGUAL JOURNAL OF RESEARCH
(ISSN – 2582-8770)
Globally peer-reviewed and open access journal.

से देखा है। यहीं नहीं, वे भूमंडलीकरण और पूँजीवादी अवधारणा के अन्वेषक हैं। अपने इस अनुभवजगत के साथ उन्होंने हिंदी साहित्यजगत में पदार्पण किया। उनके द्वारा रचित 'ग्लोबल गाँव के देवता' असुर आदिवासी समुदायों के सुख-दुःख को व्यक्त करता झारखण्ड की भूमि से उपजा महत्वपूर्ण उपन्यास है। इस उपन्यास ने अपने कलेवर में असुर आदिवासी जीवन के तमाम महत्वपूर्ण पहलुओं को समेट रखा है। इसमें असुर आदिवासी समुदायों के जीवन का संतृप्त सारांश है। यह देवराज इन्द्र से लेकर ग्लोबल गाँव के व्यापारियों तक फैले शोषण एवं धातु की खोज करने वाली, धातु को पिघलाकर आकार देनेवाली असुर आदिवासी जनजाति के संघर्ष की अत्यंत संवेदनशील और प्रमाणिक स्थिति का हृदयद्रावक दस्तावेज है।

- प्रयोजन

प्रस्तुत अध्ययन भारतीय भू-राजनीति, उसकी पूंजीवादी अवधारणा और भूमंडलीकरण के सन्दर्भ में आदिवासी समुदायों के संघर्ष एवं शोषण का वृतांत है। इसमें निम्नलिखित प्रयोजन निहित है-

- आदिवासी समुदायों की संस्कृति, सभ्यता और मान्यताओं का संक्षिप्त विवरण करना
- 'ग्लोबल गाँव के देवता' उपन्यास के आधार पर असुर आदिवासी समुदाय के संघर्ष और शोषण के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण करना
- आदिवासी समुदायों पर भूमंडलीकरण और भू-राजनीति की नीतियों के प्रभाव और दुष्प्रभाव का अध्ययन करना
- आदिवासी समुदायों द्वारा अपनी अस्मिता के रक्षण हेतु किये गए विभिन्न आंदोलनों को जानना
- आदिवासी समाज द्वारा किये गए आन्दोलनों में सतत मिलती असफलता पर उनकी विभन्न परिस्थितियों को जानना

आदिवासी जनजातियां प्रकृति पूजक होती है इसलिए प्रकृति उसका परिवेश भी है और उद्दीपन भी है। जय जंगल जमीन से जुड़े यह लोग प्रकृति का सर्वप्रथम देते हैं। समझ आए जंगलों तथा पहाड़ों में रहते हैं। उनके नृत्य, संगीत, गृह, शिक्षा त्यौहार, मनोरंजन एवं कलाभिरुचि को संवारने का काम भी प्रकृति ही करती है। आदिवासी जनजातीय सामूहिक जीवन में विश्वास रखते हैं और वह एक दूसरे का सहयोग व समर्थन करते हैं जिससे उनकी सामाजिक सद्भावना गहरी होती है। प्रकृति के साथ गहरा संबंध होने के कारण वे पर्यावरण के प्रति जागरूक होते हैं। ये समुदाय के लोगों की धार्मिक मान्यताएं प्रकृति और पूर्वजों से जुड़ी होती हैं। वे अलौकिक शक्तियों में विश्वास करते हैं। आदिवासी भाषाओं में संथाली बोलने वालों की संख्या सबसे अधिक है, जबकि गोंडी दूसरे स्थान पर है। उनकी अपने विशिष्ट भाषाएं हैं। झारखंड के आदिवासियों द्वारा बोली जाने वाली भाषा का अपना विस्तृत मौखिक साहित्य रहा है। नृत्य उनके रीति रिवाज़ो और संस्कृति का अभिन्न अंग हैं और वह उनके सामूहिक ज्ञान व् बुद्धिमत्ता का भंडार है। उनकी सांस्कृतिक विविधता के चलते कहा जा सकता है कि आदिवासी संस्कृति बहुत है समृद्ध है,जिसे संरक्षित कर बढ़ावा देने की आवश्यकता है। रामदयाल मुंडा ने अपनी पुस्तक में संस्कृत के उपलक्ष्य में स्पष्ट रूप से लिखा है-"किसी समुदाय की संस्कृति उसके जीवन के पूरे दायरे (देशकाल) में अर्जित मूल्य बोध की पूंजी है और उसके पहचान(अस्मिता) के संकट का सवाल तब आता है जब वह देखता है कि उस पर आक्रमण हो रहे हैं, तब उसकी पहचान विघटित होने का भय उसे आतंकित करता है।"[2]

ये भय आज भी संपूर्ण आदिवासी समुदायों में व्याप्त है। भूमंडलीकरण और उदारीकरण के इस दौर में विकास के नाम पर आदिवासियों को उनकी ही जन्मभूमि को मुफ़्त के दाम में बेचने को मजबूर किया जा रहा है। उसके अस्तित्व के रक्षकों को ही जल,जंगल, जमीन से बेदखल किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण के नाम पर पर्यावरण के सबसे बड़े रक्षक को ही विस्थापित करने की साजिश रचित जा रही है।अशिक्षित एवं संवेदनशील आदिवासियों से जमीन रेहन पर रखवाना, पट्टे के नाम पर बेनामी हस्ताक्षर एवं झूठे अधिकार पत्र बनाना, आदिवासियों के हक़ की कई एकड़ जमीन पूंजीपतियों के हाथ में होना, उनके अधिकार की जमीन पर बड़े MNC मॉल या शॉपिंग कॉम्पलेक्स खड़े किए जा रहे हैं और फ़िर उन्हें ही कम वेतन देकर मजदूर बनाया जा रहा है। ग्लोबल गांव के देवता उपन्यास के कथा केंद्र में झारखंड के कीकट क्षेत्र के असुर आदिवासी हैं। उपन्यासकार यहां दो देवताओं का उल्लेख करते हैं वेदांग और टाटा, जो जाति के विनाशक बनकर आते हैं। यहां वेदांग एक विदेशी कंपनी का नाम है, इन्होंने औजार बनाना शुरु कर दिया जिससे आदिवासियों की रोज़ी रोटी छीन गई उनके गले हेलो से बने औजारों की मांग बंद हो गई। उनके गलाएं हुए लोह से बने औजारों की मांग बंद हो गई। उपन्यास यह भी चित्रित करता है कि आदिवासियों की भूमि को हड़पने के लिए सरकारी तंत्र और पूंजीपति वर्ग किस प्रकार से षड्यंत्र रचते हैं। जब भी अपनी ज़मीन के लिए वे आवाज़ उठाते हैं तो उनकी सुनने वाला भी कोई नहीं।

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि आदिवासी समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने के नाम पर उन्हें उनकी ही जड़ों से काट दिया जाए। उनको उनके ही घरों से बेघर करके उचित मुआवजा भी नहीं दिया जाता। उनकी ही ज़मीन से कोयला, खनिज निकालकर उन्हें गड्ढे दिए जाते हैं, जिनसे उत्पन्न अनेक बीमारियोंने उनके स्वास्थ्य को तहस नहस कर दिया है। विकास के नाम पर बड़ी-बड़ी कम्पनियाँ मुनाफ़ा कमाने की दौड़ में आदिवासी गाँवों में शीघ्र गति से खनन कार्य में लगी है, जिनसे उनके स्वास्थ्य पर गहरा दुष्प्रभाव पड़ता है रणेंद्र जी ने उनकी यह व्यथा का वर्णन इस प्रकार किया है- "पिछले 25-30सालों में खान मालिकों ने जो बड़े-बड़े गड्ढे छोड़े हैं, बरसात में इन गड्ढों में पानी भर जाता है, मच्छर पलते हैं, महामारी फैलती है, लोग मरते हैं।[3]

नए काम सिखाने के बदले या शिक्षा व सही निर्देश के अभाव में बार-बार उन्हें जलील किया जाता है। भूमंडलीकरण और भू राजनीति न सिर्फ़ प्रकृति को अपितु प्रकृति रक्षक आदिवासी समुदाय को पूर्ण से खत्म करने की कोशिश कर रहा है। उपन्यास में रुमझुम पात्र द्वारा प्रधानमंत्री महोदय को लिखे गए पत्र में उसकी भयावह हकीकत देखिए-"महोदय शायद आपको फटा हो कि हम असुर अब सिर्फ़ आठ नौ हजार ही बचे हैं। हम बहुत डर हुए हैं। हम खत्म नहीं होना चाहते। भेड़िया अभ्यारण से कीमती भेड़िए जरूर बच जाएंगे श्रीमान किंतु हमारी जाति नष्ट हो जाएगी।"[4]

झारखंड प्राकृतिक खनिज पदार्थ से भरा क्षेत्र हैं । सरकार व पूंजीपति वर्ग का लक्ष्य वहां के खनिज हैं, जिससे आदिवासी समुदायों की जटिल समस्या विस्थापन की है। आदिवासी समुदाय उस क्षेत्र से पलायन कर जाएं तो उनका हनन कार्य निर्बाध रुप से चलता रहे, यही उनके प्रयत्न हैं। इस संदर्भ में उपन्यास में दिया यह कथन उसकी पुष्टि करता है-"छाती ठोंक-ठोंककर अपने को अत्यंत सहिष्णु और उदार कहनेवाली हिन्दुस्तानी संस्कृति ने असुरों के लिए इतनी भी जगह नहीं छोड़ी थी। वे उनके लिए बस मिथकों में

https://www.gapbhasha.org/

GAP भाषा
A MULTILINGUAL JOURNAL OF RESEARCH
(ISSN – 2582-8770)
Globally peer-reviewed and open access journal.

शेष थे। कोई साहित्य नहीं, कोई इतिहास नहीं, कोई अजायबघर नहीं। विनाश की कहानियों के कहीं कोई संकेत मात्र भी नहीं ।"[5]

गरीबी और अशिक्षा के कारण आदिवासी महिलाएँ उस क्षेत्र की स्थानिक कम्पनियों के अधिकारियों और कर्मचारियों के घरों पर काम करने के लिए विवश होती है। पूँजीपति लोग उनकी विवशता का फ़ायदा उठाकर उनके शरीर पर भी अधिकार स्थापित करना चाहते हैं। इस अंधकारमय जीवन से इन निरीह महिलाओं की मुक्ति संभव नहीं। विस्थापन, पलायन और औद्योगिकीकरण की सबसे ज्यादा मार आदिवासी महिलाओं को ही भोगनी पड़ी है, ये महिलाएँ हर रूप से उत्पीड़ित है। आदिवासी समाज की शिक्षा की चिंता भी रणेंद्र के उपन्यास 'ग्लोबल गाँव के देवता' में देखि जा सकती है। शिक्षा किसी भी समाज की नींव होती है। आदिवासी समाज के विकास के लिए बेहतर शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता है, जो एक चुनौती भरा कार्य है। उनकी भाषा, लिपि को लेकर तो उनके रहन-सहन को लेकर वे मुख्यधारा की शिक्षा-नीति एवं स्कूलों से मेल नहीं खाते। उनके बसेरे के आसपास कोई स्कूल होती नहीं है और यदि हो तो भी पर्याप्त मात्र में शिक्षक नहीं होते। कभी तो उनकी प्रतिभा को बढ़ावा देने के बदले उन्हें हीन भावना से ग्रसित कर दिया जाता है। उपन्यास में रणेंद्र जी बताते हैं कि असुरों के सौ से ज्यादा घर उजाड़कर स्कूल बनाया गया था लेकिन पिछले तीस वर्षों का रजिस्टर उठाकर देखें तो एक भी आदिम जाति परिवार के बच्चे ने उस स्कूल में पढाई नहीं की। इसका मुख्य कारण पूँजीपति लोगों का उनके प्रति बर्ताव और मानसिकता है। इन्हीं सब प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण शिक्षा के प्रति आदिवासी समुदाय के नज़रिये को देखा जा सकता है- "माड़-भात खिलाकर, अधपढ़-अनपढ़ शिक्षकों के भरोसे, फुसलाकर हमारे बच्चे ज्यादा-से-ज्यादा स्किल्ड लेबर, पिऊन, क्लर्क बनेंगे, और क्या? यही हमारी औकात है। हमारी ही छाती पर ताजमहल जैसा स्कूल खड़ा कर हमारी हैसियत समझाना चाहते हैं लोग।"[6] इस प्रकार यह समाज अनपढ़ होकर भी पूँजीपति वर्ग और सरकार की नीतियों से भलीभांति अवगत है और उनको ठगने के प्रयासों को भी जानते ही है।

विकास के नाम पर भूमंडलीकरण ने भारत की एक बड़ी आबादी को विनाश की ओर धकेल दिया है। जंगलों को काटकर ऊँची-ऊँची इमारतें बनाना, खनिजों को निकालकर गहरे गड्ढे छोड़ना और सीमा से अधिक उपभोग करना, बड़े-बड़े बाँधों का निर्माण करना, विकास और सुविधा देने के नाम पर उनको उनकी ही जमीन से विस्थापित करना यह आदिवासी समुदायों के जीवन को और संकट में डालने का काम हैं। लेकिन आदिवासी समुदायों ने भी जमीन से बेदखली, विस्थापन, अशिक्षा, अधिकारों हा हनन, महिलाओं का शोषण, सामाजिक भेदभाव, गरीबी और स्वास्थ्य सबंधित हो रहे अन्यायों के प्रतिकार रूप और अपनी अस्मिता के रक्षण हेतु समय-समय पर आंदोलनों के माध्यम से विद्रोह भी किये हैं।

ब्रिटिश शासन के दौरान एवं स्वतंत्रता से लेकर अब तक विभिन्न मुद्दों पर उनके आंदोलनों में अपनी भूमि, जंगल और सांस्कृतिक पहचान बचाने की लड़ाई शामिल है। इनके द्वारा किये गए संघर्ष की अपनी परम्परा रही है और सामाजिक स्वरुप की कल्पना भी।

- 1783 में चेरों जनजाति ने स्थानीय जमींदारों और ईस्ट इंडिया कम्पनी शासन के खिलाफ़ आन्दोलन किया, जो शोषण और उत्पीडन के खिलाफ़ विद्रोह था।
- 1789 में उराँव जनजाति ने जमींदारों के शोषण के विरोध विद्रोह किया, जो वास्तव में जमीन की रक्षा का आन्दोलन था।
- 1820-21 में हो जनजाति ने आन्दोलन किया जो अपने जीवन की काया सुधारने व् बदलने का संगठित संघर्ष था।
- 1831-32 हो, उराँव और मुंडा जनजाति ने खेती और शिकार के अपने अधिकार के लिए तथा भूमि-व्यवस्था के खिलाफ़ जबरदस्त विद्रोह किया।
- 1855-56 संथाल विद्रोह सूदखोरी, जमीदारों, अंग्रेज बागान मालिकों के खिलाफ़ बचाव करनेवाले अंग्रेज अधिकारियों के अत्याचारों के खिलाफ़ किया गया आन्दोलन था।
- 1885-1901 तक मुंडो जनजाति के नायक बिरसा मुंडा के नेतृत्व में मिशनरियों, ब्रिटिश अधिकारियों और बाहरी लोगों के खिलाफ ऐतिहासिक जनसंघर्ष हुआ था।
- 1914-1919 ताना भगत आन्दोलन जत्रा उराँव के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वाधीनता-संग्राम की धरा के साथ जुड़कर कृषि व्यवस्था को बदलने के लिए हुआ था।

उपर्युक्त सभी आंदोलनों और संघर्षों में अपनी जमीं की रक्षा, सरकारी अधिकारियों से मुक्ति पाना और अपनी संस्कृति की अस्मिता को बचाना रहा। आदिवासी समुदायों के आंदोलनों पर ये कथा देखिये- "वे अपनी जिंदगी को बदलना चाहते थे और उसी के लिए शोषण-उत्पीड़न से मुक्त समाज चाहते थे। उन्हें सफ़लता नहीं मिली, क्योंकि उनका संघर्ष एक तो अपने ही समुदाय तक सिमित रह जाता था, दूसरे स्थानीयता से आगे नहीं बढ़ सका जबकि उनके खिलाफ अंग्रेजी शासन था यानी ब्रिटिश साम्राज्य। संघर्ष के नायकों की आकांक्षा आदमी थी लेकिन दुर्दमनीय सत्ता से उनका टकराव था। इस अनमेल टकराव में विद्रोहों और संघर्षों को पराजित होना पड़ा।"[7]

स्वतंत्रता बाद भी आदिवासी समुदायों द्वारा जल, जमीं और जंगल के अपने अधिकारों की रक्षा के लिए और स्वायत्तता की मांग के लिए झारखण्ड आन्दोलन, नक्सलवादी आन्दोलन, पत्थलगड़ी आन्दोलन आदि महत्वपूर्ण विद्रोह हुए और अपने अस्तित्व और अस्मिता के लिए ये संघर्ष लगातार जारी है। उनकी आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक परिस्थितियाँ छिन्न-भिन्न हो रही है। उनका मानसिक तनाव बढ़ता जा रहा है साथ ही उनमें रोगों तथा भावनात्मक विकृतियों की प्रवृत्तियाँ बढ़ती जा रही है। इसी के चलते आज-कल आदिवासी समाज मद्यपान, आत्महत्या, अपराध, व्यभिचार, अवसाद, वेश्यावृत्ति और सामाजिक विकृतियों के सूचक दिखने लगे हैं। जब प्रभावशाली वर्ग उनकी संस्कृति के प्रति नकारात्मक रवैया दिखाता है तब उनकी भावनाएँ और तीव्र हो उठती है।

निष्कर्ष

विकासोन्मुख राष्ट्रों के लिए भूमंडलीकरण और तकनीकी विकास प्रगति की ओर सफल और
सार्थक कदम अवश्य है लेकिन भारत में बाहरी तत्वों की घुसपैठ आसान हो जाने से आदिवासी समाज वैश्विक स्तर पर पूँजीवाद

https://www.gapbhasha.org/

और नव साम्राज्यवादी शक्तियों के खिलाफ सीधी लड़ाई लड़ रहा है। रणेंद्र द्वारा रचित उपन्यास 'ग्लोबल गाँव के देवता' में आदिवासी जीवन को भूमंडलीकरण के चलते जो संघर्ष व् उत्पीडन को झेलना पड़ रहा है उनके शोषण के साथ उनके प्रतिरोध के स्वर का दस्तावेज है। इस उपन्यास में आदिवासी जीवन पर हावी होते शोषण और मुक्ति के संघर्ष की मार्मिक अभिव्यक्ति है। उपन्यास को आधार बनाकर पूरे भारतीय आदिवासी समाज के संघर्ष, व्यथा, उत्पीड़न, शोषण व् अधिकारों के रक्षण की स्पष्ट झलक मिलती है। आदिवासी समाज न केवल अपने अधिकारों के लिए बल्कि संपूर्ण सृष्टि और मनुष्यता के लिए संघर्षरत है।

सन्दर्भ सूची

[1] 'झारखण्ड एन्साइक्लोपीडिया खंड-1', हुलगुलानों की प्रतिध्वनियाँ, सं. रणेंद्र-सुधीर पाल, वाणी प्रकाशन-2008, नई दिल्ली, पृष्ठ क्रमांक-70
[2] 'आदिवासी अस्तित्व और झारखंडी अस्मिता', रामदयाल मुंडा, प्रकाश संस्थान 2002, पृष्ठ क्रमांक-29
[3] 'ग्लोबल गाँव के देवता',रणेंद्र, प्रथम संस्करण, प्रकाशक: भारतीय ज्ञानपीठ-2009, पृष्ठ क्रमांक-34
[4] 'ग्लोबल गाँव के देवता',रणेंद्र, प्रथम संस्करण, प्रकाशक: भारतीय ज्ञानपीठ-2009, पृष्ठ क्रमांक-84
[5] 'ग्लोबल गाँव के देवता',रणेंद्र, प्रथम संस्करण, प्रकाशक: भारतीय ज्ञानपीठ-2009, पृष्ठ क्रमांक-33
[6] 'ग्लोबल गाँव के देवता',रणेंद्र, प्रथम संस्करण, प्रकाशक: भारतीय ज्ञानपीठ-2009, पृष्ठ क्रमांक-19
[7] 'झारखण्ड एन्साइक्लोपीडिया खंड-3', श्वेत श्याम तसवीर, सं. रणेंद्र-सुधीर पाल, वाणी प्रकाशन-2008, नई दिल्ली, पृष्ठ क्रमांक-411

वेबसाइट
[1] https://www.nextias.com/blog/tribal-uprisings/
[2] https://hi.wikipedia.org/wiki/%E0%A4%9D%E0%A4%BE%E0%A4%B0%E0%A4%96%E0%A4%82%E0%A4%A1_%E0%A4%86%E0%A4%82%E0%A4%A6%E0%A5%8B%E0%A4%B2%E0%A4%A8

https://www.gapbhasha.org/

GAP भाषा
A MULTILINGUAL JOURNAL OF RESEARCH
(ISSN – 2582-8770)
Globally peer-reviewed and open access journal.

शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में माहिलाओ की सामाजिक और पारिवारिक समस्याओं का अध्ययन

शिव बार्चे, डॉ. दीपक गर्ग

(शोधार्थी)
रबिन्द्रनाथ टैगोर विश्वविध्यालय, भोपाल (म.प्र.)

(शोध निर्देशक)
रबिन्द्रनाथ टैगोर विश्वविध्यालय, भोपाल (म.प्र.)

प्रस्तावना

महिलाएं शासकीय और अशासकीय संस्थाओं में अपनी मेहनत और समर्पण से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, लेकिन इसके साथ ही उन्हें कई सामाजिक और पारिवारिक समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। इन समस्याओं का प्रभाव उनके कामकाजी जीवन और मानसिक स्थिति पर पड़ता है। आज की आर्थिक कठिनाईयों की वजह से विवाहित महिलाओं द्वारा नौकरी करने से सामाजिक दृष्टिकोण में भी परिवर्तन आया है अब अधिकांश पति चाहते हैं कि उनकी पत्नियां भी नौकरी करें। वर्तमान समय की कमरतोड़ मँहगाई और आधुनिकता की दौड़ में कार्यकारी महिलाओं की स्थिति दो नांव में एक साथ पैर रखने के समान है, जिसका संतुलन बनाए रखने के लिए महिलायें निरंतर प्रयत्नशील हैं। अतः महिलाओं के लिए परिवार और नौकरी का सही संतुलन जोखिम भरी चुनौती है जिसे उसने हसकर स्वीकारा और सफलता के साथ निभा रही हैं ऊषा मल्होत्रा के अनुसार "घर और बाहर का संतुलन आवश्यक है" इसमें दो राय नहीं हैं कि वर्तमान भौतिकवादी एवं सामाजिक परिवर्तन के परिणामस्वरूप महिलाओं की स्थिति में काफी परिवर्तन आया हैं इस परिवर्तन में संतुलन बनाए रखने के लिए महिलाओं ने दोहरी भूमिका स्वीकारी हैं चाहे इस दोहरी भूमिका के कारण महिलाओं को किन्हीं भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता हो, किन्तु फिर भी वह कार्यकारी होना ही पसंद करती हैं, क्योंकि आज सामाजिक जीवन में जो क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं उससे लोगों का जीवन स्तर बढ़ा है जिससे खान-पान, रहन-सहन, पहनावा जीवन शैली मे परिवर्तन हुआ साथ ही मानसिक सोच में भी परिवर्तन आया है, आवश्यकताऐं भी बढ़ी हैं। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पुरूष के साथ महिलाओं का कार्यकारी होना अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

हमारा समाज मूल रूप से पुरूष प्रधान रहा है। पहले महिलाओं के पास किसी भी प्रकार की स्वतंत्रता न होने के कारण उसकी सामाजिक व पारिवारिक स्थिति एक पराश्रित से अधिक नहीं थी। जिसे हर कदम पर एक पुरूष के सहारे की जरूरत होती थी। वैसे तो आजादी के बाद से ही महिला उत्थान के उद्देश्य से विभिन्न प्रयास किये जाते रहें है। लेकिन पिछले कुछ वर्षो में महिला सशक्तिकरण की कार्य में तेजी आयी है। इन्हीं प्रयासों के परिणाम स्वरूप महिलाओं के आत्म विश्वास में बढ़ोत्तरी हुई है। वे किसी भी चुनौती को स्वीकार करने के लिए खुद को तैयार करने लगी है। एक ओर जहाँ केन्द्र व राज्यों की सरकारें महिला उत्थान की नई-नई योजनायें बनाने लगीं है। वहीं कई गैर सरकारी संगठन भी उनके अधिकारों के लिये उनकी आवाज बुलन्द करने लगें है। महिला में ऐसी प्रबल भावना को उजागर करने का प्रयास भी किया जा रहा है, कि वह अपने अन्दर छिपी ताकत को सामने लाकर बिना किसी सहारे के आने वाली हर चुनौती का सामना कर सकें।

सृष्टि की उत्पत्ति एवं सभ्यता के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। पुराणों के अनुसार चाहे धर्म की रक्षा हो या उसकी पुर्नस्थापना इन सभी कार्यो को आदि शक्ति माँ जगदम्बा ने ही पूर्ण किया है। सीता, सावित्री के धर्मपालन को आज भी आदर्श के रूप में समाज में माना जाता है। रानी लक्ष्मीबाई, मदरटेरेसा के वीरता बलिदान तथा सेवा की मिशालें आज भी हमारे जीवन को एक दिशा प्रदान करती है। महिलाएँ समाज के लगभग आधे भाग का प्रतिनिधित्व करती हैं।

https://www.gapbhasha.org/

महिलाए कई रूपों में जीवन व्यतीत करते हुए एक सभ्य एवं सुसंस्कृत समाज की निर्माण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वह कभी बेटी के रूप में कभी बहन के रूप में तो कभी पत्नी एवं प्रेमिका के रूप में कभी माँ के रूप में समाज को विकसित एवं परिमार्जित करने का अथक प्रयास करती रहती है।

शासकीय और अशासकीय संस्थानों में सेवारत विवाहित तथा अविवाहित महिलाएं सम्मिलित हैं। अध्ययन के दौरान इन महिलाओं में शोधार्थी को गहरे कर्तव्य बोध और मातृत्व के दर्शन हुए हैं, अध्ययन में पाया कि कार्यकारी महिलाएं अन्य गृहस्थ महिलाओं से कहीं अधिक अपने शिशुओं के पालन पोषण में सफल एवं समर्थ हैं। इसके साथ ही अपने दायित्वों के निर्वाह में सजग एवं जागरूक दिखाई दीं, जैसे कार्यालय में समय पर उपस्थिति होना, अपने कार्य को जिम्मेदारीपूर्वक उचित ढ़ंग से निपटाना तथा समय पर घर लौटना आदि। महिलाओं का घर से बाहर पुरूषों के समान कार्य करने से उनके पारिवारिक दायित्वों में हुये परिवर्तन एवं शिक्षक तथा गृहिणी की भूमिका के उत्तरदायित्वों के सफलतापूर्वक निर्वाह में महिलाओं को होने वाली समस्याओं से अवगत होने के लिए वर्तमान सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में महिलाओं का समाजशास्त्रीय अध्ययन महत्वपूर्ण है। महिलाएं घर-परिवार और नौकरी पेशा की दोहरी भूमिका निभाते हुए दोहरी माँगों व तनावों के कारण परस्पर पारिवारिक विसंगतियों का सामना कर रही हैं, जिसका प्रभाव उनकी नौकरी से सम्बद्ध दायित्वों व कर्तव्यों पर भी पड़ता है।

समाज की प्रत्येक आवश्यकताओं को पूरा करने में महिलाए पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलती है। समाज में विकास में सहभागिता का जो सम्मान उन्हें प्राप्त होना चाहिए था वह नही मिल पाया है। क्योंकि इस सभ्य समाज में पुरूषवर्ग का वर्चस्व विद्यमान है। पुरूष वर्ग हर क्षेत्र में महिलाओं के सहयोग से अपने उद्देश्यों को प्राप्त करते है लेकिन जब सम्मान एवं अधिकार की बात आती है तो महिलाए पुरूषों से कहीं पीछे छूट जाती है।

शोध अध्ययन के उद्देश्य -

सामाजिक शोध का सबसे महत्वपूर्ण चरण उद्देश्य निर्धारण है। मेरे अनुसंधान का उद्देश्य नौकरी करने वाली शिक्षित महिलाओं की समस्याएँ तक सीमित नही है बल्कि भावनात्मक अभिव्यक्ति की जानकारी भी प्राप्त करना है। इस शोध के उद्देश्य निम्न है।

- शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में कार्यरत महिलाओं की सामाजिक समस्याओं को जानना।
- शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में कार्यरत महिलाओं की पारिवारिक समस्याओं को जानना।
- परिवार की विविध इकाइयों जैसे पति-पत्नी, माता-पिता व बच्चों के संबंधो तथा भूमिकाओं मे हो रहे परिवर्तनों को जानना।
- नौकरी करने वाली महिलाओं के संबंध में समाज की अभिवृतियों को जानना।

प्रस्तुत शोध से संबंधित परिकल्पना

- विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में कार्यरत माहिलाओं में व्यावसायिक तनाव पाया जाता है।
- सरकारी नौकरियों एवं निजी नौकरियों में महिलाओं का पूरूषों के मुकाबले कम मुल्यांकन किया जाता है।
- वेतन, काम की जिम्मेदारी, तरक्की मे महिलाओं का पूरूषों से आगे नही बढ़ पाना।
- शासकीय संस्थाओ को छोड़कर महिलाओं को पूरूषों के कार्य के अनुसार पारिश्रमिक नहीं मिलता है।
- महिलाओं द्वारा पारिवारिक जिम्मेदारी के कारण कार्यस्थल पर पद को त्याग कर दिया जाता है।
- नौकरी के कारण पारिवारिक विघटन होता है।

परिकल्पना 1: विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में कार्यरत महिलाओं में व्यावसायिक तनाव पाया जाता है।

1. आप अपने कार्यस्थल पर कार्यभार से मानसिक दबाव महसूस करती हैं।
2. आपकी नौकरी आपके व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करती है।
3. आप थकान या नींद की कमी के कारण तनाव महसूस करती हैं।
4. कार्य समय के दबाव के कारण आप चिंता में रहती हैं।

https://www.gapbhasha.org/

GAP भाषा
A MULTILINGUAL JOURNAL OF RESEARCH
(ISSN – 2582-8770)
Globally peer-reviewed and open access journal.

Z-Test द्वारा परिकल्पना 1 के परिणाम का विश्लेषण

उक्त परिकल्पना की पुष्टि के लिए, एक तुलनात्मक Z-Test (z-परीक्षण) का प्रयोग किया गया। इस परीक्षण में दो स्वतंत्र समूहों — सरकारी संस्थाओं में कार्यरत महिलाओं तथा अशासकीय संस्थाओं में कार्यरत महिलाओं — के उत्तरों के औसत स्कोर का सांख्यिकीय विश्लेषण किया गया। चूँकि यह परिकल्पना चार प्रश्नों पर आधारित थी, अतः इन चारों प्रश्नों के उत्तरों को जोड़कर एक समग्र स्कोर तैयार किया गया और प्रत्येक प्रतिभागी के लिए "Total Stress Score" की गणना की गई। इसके पश्चात Mean (औसत), Standard Deviation (मानक विचलन) एवं Sample Size (नमूना आकार) के आधार पर दो-नमूना Z-Test लागू किया गया।

Z-Test आँकड़े:

मानदंड	सरकारी समूह	अशासकीय समूह
Mean (औसत)	2.00667	3.6
Std. Deviation	1.84462	0.95538
Sample Size (n)	150	150

Z-Test निष्कर्ष:

Z Value	P Value	निष्कर्ष
-9.39	< 0.0001	सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण अंतर

अर्थपूर्ण व्याख्या:

✓ प्राप्त Z-मूल्य -9.39 है, जो अत्यधिक उच्च परिमाण को दर्शाता है।

✓ P-मूल्य 0.0001 से भी कम है, जो यह संकेत करता है कि दोनों समूहों के मध्य उत्तरों में पाया गया अंतर मात्र संयोग नहीं है, बल्कि सांख्यिकीय रूप से अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

✓ यह परिणाम स्पष्ट रूप से इंगित करता है कि सरकारी एवं अशासकीय संस्थानों में कार्यरत महिलाओं की प्रतिक्रिया में वास्तविक अंतर मौजूद है।

निष्कर्ष (Conclusion):

इस प्रकार, शोध की यह परिकल्पना प्रमाणित होती है कि —" शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में कार्यरत महिलाओं के मध्य इस विषय से संबंधित चार प्रश्नों पर दिए गए उत्तरों में महत्वपूर्ण अंतर पाया गया। अतः यह परिकल्पना प्रमाणित होती है।"

संदर्भ सूची

1. डॉ. भारती लक्ष्मीना, 2015: भारत में महिला एवं बाल कल्याण, निखिल पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स आगरा।
2. डॉ. शर्मा प्रभुदत्त, 2013: नारी, अनु प्रकाशन जयपुर।
3. डॉ. कुमार आदर्श, 2011: महिला विकास कार्यक्रम, खुशी पब्लिकेशन गाजियाबाद।
4. शर्मा सुनिता, 2008: अपराधी महिलाए और समाज, राधा पब्लिकेशन नई दिल्ली।

https://www.gapbhasha.org/

GAP भाषा
A MULTILINGUAL JOURNAL OF RESEARCH
(ISSN – 2582-8770)
Globally peer-reviewed and open access journal.

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रशासनिक अभिलेखों का डिजिटल संरक्षण: संकटग्रस्त क्षेत्रों में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की संभावनाएँ

डॉ. रेणु शरण, शालिनी सोनी

निर्देशक
सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान विभाग
डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, करगी रोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)

शोधार्थी
राजनीति विज्ञान विभाग
डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, करगी रोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)

सारांश (Abstract) –

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (RTI Act) नागरिकों को सरकारी संस्थाओं से सूचना प्राप्त करने का कानूनी अधिकार देता है, जिससे प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतांत्रिक सहभागिता को प्रोत्साहन मिलता है। संकटग्रस्त और दूरस्थ क्षेत्रों में सूचना तक पहुँच की कमी, कागज़ी अभिलेखों के नष्ट होने का खतरा, और भ्रष्टाचार की संभावनाएँ अधिक रहती हैं। इस संदर्भ में डिजिटल अभिलेखीकरण एक प्रभावी उपकरण के रूप में उभरता है, जो न केवल सूचना के संरक्षण बल्कि उसके समय पर सार्वजनिक वितरण में भी सहायक है।

यह शोध-पत्र इस बात का विश्लेषण करता है कि किस प्रकार डिजिटल अभिलेखीकरण को RTI अधिनियम के साथ एकीकृत करके, विशेषकर संकटग्रस्त क्षेत्रों में, प्रशासनिक दक्षता और नागरिक सशक्तिकरण को बढ़ाया जा सकता है। RTI के तहत मांगी जाने वाली सूचनाएँ—जैसे भूमि अभिलेख, वित्तीय व्यय विवरण, योजनाओं का क्रियान्वयन डेटा, निविदाएँ, अनुबंध और सरकारी बैठकों के मिनट्स—अक्सर बिखरे हुए और असुरक्षित रूप में संग्रहित होते हैं। डिजिटल रूप से इन्हें संरक्षित करने से सूचना का स्थायी और सुलभ स्रोत बन सकता है।

अध्ययन में यह पाया गया कि डिजिटल अभिलेखीकरण से RTI के उत्तर देने की गति और सटीकता में सुधार होता है, साथ ही सार्वजनिक प्राधिकरणों पर सूचना को proactively साझा करने का दबाव भी बढ़ता है। संकटग्रस्त क्षेत्रों में यह और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहाँ प्राकृतिक आपदाएँ, संघर्ष या प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण कागज़ी रिकॉर्ड आसानी से नष्ट हो सकते हैं।

निष्कर्षतः, यह पेपर सुझाव देता है कि RTI अधिनियम के तहत सभी सार्वजनिक प्राधिकरणों के लिए डिजिटल अभिलेखीकरण को अनिवार्य बनाया जाए, जिससे सूचना के अधिकार की वास्तविक भावना—पारदर्शिता और उत्तरदायित्व—को मजबूती मिले और नागरिकों के लिए जानकारी तक पहुँच एक स्थायी हक के रूप में सुनिश्चित हो।

1. परिचय

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 भारत में प्रशासनिक पारदर्शिता और उत्तरदायित्व का महत्वपूर्ण उपकरण है। यह अधिनियम नागरिकों को सरकारी कार्यकलापों, निर्णयों और नीतियों से संबंधित सूचना प्राप्त करने का वैधानिक अधिकार देता है। परंतु सूचना का समय पर और सटीक वितरण तभी संभव है जब अभिलेख सुव्यवस्थित और संरक्षित हों।

संकटग्रस्त क्षेत्रों—जैसे बाढ़, सूखा, भूकंप प्रभावित इलाकों या नक्सल प्रभावित गाँवों—में पारंपरिक कागज़ी रिकॉर्ड अक्सर नष्ट हो जाते हैं, जिससे सूचना का अधिकार कमजोर पड़ जाता है। यहाँ डिजिटल अभिलेखीकरण एक स्थायी समाधान के रूप में सामने आता है।

2. सूचना का अधिकार अधिनियम: एक अवलोकन

उद्देश्य – नागरिकों को सरकारी संस्थाओं से सूचना उपलब्ध कराना।

प्रमुख प्रावधान –

किसी भी सार्वजनिक प्राधिकरण से सूचना प्राप्त करने का अधिकार।

30 दिनों के भीतर उत्तर देने की बाध्यता।

जानकारी न देने या गलत जानकारी देने पर दंड।

महत्व – भ्रष्टाचार पर अंकुश, नीति निर्माण में जनसहभागिता, लोकतांत्रिक जवाबदेही।

https://www.gapbhasha.org/

3. संकटग्रस्त क्षेत्रों में सूचना तक पहुँच की चुनौतियाँ

दस्तावेज़ों का प्राकृतिक आपदाओं या संघर्ष में नष्ट होना।

सूचना का केंद्रीकृत और कागज़ी स्वरूप।

अधिकारियों की जवाबदेही की कमी।

इंटरनेट और तकनीकी अवसंरचना का अभाव।

4. डिजिटल अभिलेखीकरण: परिभाषा और महत्व

परिभाषा – प्रशासनिक, कानूनी और नीतिगत दस्तावेज़ों को डिजिटल रूप में संग्रहित और संरक्षित करना, ताकि उन्हें आसानी से खोजा, साझा और पुनः प्राप्त किया जा सके।

महत्व –

सूचना तक त्वरित पहुँच।

रिकॉर्ड का दीर्घकालिक संरक्षण।

सूचना के अधिकार के तहत उत्तरदायित्व को मजबूत करना।

संकटग्रस्त क्षेत्रों में डेटा का बैकअप और पुनर्प्राप्ति।

5. RTI और डिजिटल अभिलेखीकरण का एकीकरण

RTI के तहत मांगी जाने वाली सूचनाओं को डिजिटल डेटाबेस में रखना।

पोर्टल आधारित proactive disclosure (स्वप्रकाशन) को अनिवार्य करना।

सभी विभागीय रिकॉर्ड को स्कैन और अपलोड करना।

संकटग्रस्त क्षेत्रों में क्लाउड सर्वर और ऑफलाइन डेटा स्टोरेज का उपयोग।

6. केस स्टडी

केस 1 – केरल बाढ़ 2018
बाढ़ में कई राजस्व रिकॉर्ड नष्ट हुए, लेकिन डिजिटल लैंड रिकॉर्ड पोर्टल से पुनर्प्राप्ति संभव हुई, जिससे RTI आवेदनों का समाधान तेजी से हो पाया।

केस 2 – छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र
नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पंचायत और ब्लॉक स्तर पर स्कैन किए गए दस्तावेज़ों को राज्य स्तरीय सर्वर पर सुरक्षित किया गया, जिससे नागरिकों को RTI के तहत जानकारी देने में सुविधा हुई।

---

7. लाभ और संभावनाएँ

RTI आवेदनों के उत्तर की गति और गुणवत्ता में सुधार।

भ्रष्टाचार में कमी।

नागरिकों का विश्वास बढ़ना।

ऐतिहासिक और सांस्कृतिक प्रशासनिक अभिलेखों का संरक्षण।

8. प्रमुख चुनौतियाँ

साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता का खतरा।

https://www.gapbhasha.org/

डिजिटल साक्षरता की कमी।

अवसंरचना और लागत संबंधी बाधाएँ।

9. समाधान और नीतिगत सुझाव

RTI नियमों में डिजिटल अभिलेखीकरण को अनिवार्य बनाना।

ग्राम और ब्लॉक स्तर पर डिजिटल आर्काइव सेंटर की स्थापना।

साइबर सुरक्षा के लिए मजबूत प्रोटोकॉल।

डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों का संचालन।

10. निष्कर्ष

सूचना का अधिकार अधिनियम तभी प्रभावी हो सकता है जब सूचना सुलभ, सुरक्षित और संरक्षित हो। डिजिटल अभिलेखीकरण इस दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है, विशेषकर संकटग्रस्त क्षेत्रों के लिए। यह न केवल सूचना तक पहुँच आसान बनाता है, बल्कि शासन को अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाता है। RTI के साथ इसका एकीकरण लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा।

संदर्भ सूची

[1] सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005।
[2] भारत सरकार, प्रशासनिक सुधार आयोग, "सूचना तक पहुँच और पारदर्शिता", 2014।
[3] UNESCO (2015). Digital Preservation and Access.
[4] Transparency International (2020). Digital Tools for Anti-Corruption.
[5] सिंह, आर. (2017). सूचना का अधिकार: सिद्धांत और व्यवहार. नई दिल्ली: प्रकाशन विभाग।

https://www.gapbhasha.org/

GAP भाषा
A MULTILINGUAL JOURNAL OF RESEARCH
(ISSN – 2582-8770)
Globally peer-reviewed and open access journal.

मीडिया युध्द : प्रतिस्पर्धात्मक परिवेश (media wars : competing narrative)

Dr. Manish Gohil
H.O.D
Hindi Department
Smt. R.D. Shah Arts
and Smt. V.D. Shah
Commerce College
Dholka - 382225

"खींचों न कमानों को न तलवार निकालो
जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो"

\- अकबर इलाहाबादी

वर्तमान समय विश्व के लिए संघर्षमय रहा है। आज विश्व के कई क्षेत्र युध्दग्रस्त है। एसे समय में मीडिया की एक विशेष भूमिका रहती हैं। मीडिया समाज का चौथा स्तंभ माना जाता है। Geopolitics का अर्थ ही होता हैं भू-राजनीति। पूरा विश्व एक भूतल पर खड़ा है। परिणामस्वरूप कोई भी देश - प्रदेश अलग अपने आप को मान ही नहीं सकता। सरल शब्दों में Geopolitics को समजना है तो कह सकते हैं कि "भू-राजनीति, विदेश नीति के अध्ययन की वह विधि है, जो भौगोलिक चरों के माध्यम से अन्तरराष्ट्रीय राजनैतिक गतिविधियों को समझने, उनकी व्याख्या करने और उनका अनुमान लगाने का कार्य करती है। 'भौगोलिक चर' के अन्तर्गत उस क्षेत्र का क्षेत्रफल, जलवायु, टोपोग्राफी, जनसांख्यिकी, प्राकृतिक संसाधन, तथा अनुप्रयुक्त विज्ञान आदि आते हैं। यह शब्द सबसे पहले रुडोल्फ ज़ेलेन ने सन् १८९९ में प्रयोग किया था। भू-राजनीति Geopolitics का उद्देश्य राज्यों के मध्य संबंध एवं उनकी परस्पर स्थिति के भौगोलिक आयामों के प्रभाव का अध्ययन करना है। इसके अध्ययन के अनेक ऐतिहासिक चरण हैं, जैसे कि औपनिवेशिक काल में ब्रिटिश साम्राज्यवाद एवं रूसी ज़ारशाही के मध्य एशिया में प्रतिस्पर्धा, तदुपरांत शीत युद्ध काल में अमेरिकी साम्राज्यवाद व सोवियत संघ के मध्य स्पर्धा आदि ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जो कि भू-राजनीति के महत्वपूर्ण चरण कहे जा सकते हैं।"[1] 19वीं सदी के भूगोलवेत्ता और जीवविज्ञानी फ्रेडरिक रेटज़ेल को भू-राजनीति का जनक माना जाता है। यहाँ पर भू-राजनीति के ऐतिहासिक परिचय के साथ - साथ मीडिया के सभी पक्ष को समाहित करके आज के डिज़ीटल मीडिया एवं सोशल मीडिया को लेकर बात करना उचित माना जाएगा।

आज के डिजिटल युग में मीडिया केवल सूचना का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि यह एक शक्तिशाली उध्योग बन चुका है, जो सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक संदर्भों को प्रभावित करता है। जब अलग-अलग मीडिया संस्थान एक ही खबर के लिए जूझते हैं, तो यह प्रतिस्पर्धा एक "मीडिया युद्ध" का रूप ले लेती है – जहाँ सत्य, प्रभाव और दर्शक संख्या के बीच संघर्ष होता है।

बीज शब्द -
Geopolitics, भू-राजनीति, राजनीति, मीडिया, समाचार, न्यूज़, अन्तरराष्ट्रीय, भौगोलिक, डिजिटल मीडिया, प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, टेलीविजन, रेडियो, समाचार-पत्र, बुद्धिजीवी, पत्रकार, शिक्षक, समाजसेवी, समाज, देश, राजकारण, वर्तमान, आज, विश्व, टी.आर.पी.(TRP) ।

मूल आलेख -

वर्तमान विश्व की एक नई तस्वीर बन रही है और इसको बना रहा है - आज का मीडिया। मीडिया की क्रांति ने भूचाल ला कर खड़ा कर दिया है। पूरा विश्व इस समय एक तरह की समाचार क्रांति से गुज़र रहा है। न्यूज़ चैनलों की बाढ़ आई हुई है। हर तरफ कैमेरे नज़र आ रहे हैं और पत्रकार जगत खबरों का पीछा करते दिख रहा हैं। आज प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रोनिक मीडिया में भारी बदलाव के साथ- साथ एक जबरदस्त स्पर्धा चल रही है।

आज का समय विश्व फलक पर संघर्षमय दिख रहा है। जिसका कारण राजनीतिक महत्वकांक्षाओं के साथ - साथ

https://www.gapbhasha.org/

GAP भाषा
A MULTILINGUAL JOURNAL OF RESEARCH
(ISSN – 2582-8770)
Globally peer-reviewed and open access journal.

व्यक्तिगत मानसिकता रही है, एसा अनुमान लगाया जा सकता है। संसार तभी सुखमय बनता है, जब सभी देश की नीतिगत विचारधारा वसुधैवकुटुम्बकम की होगी। लेकिन हम देख रहे हैं कि वर्तमान में विश्व में अराजकता फैली है। आज यूनो (UNO) संगठन के आदेश को महासत्ताएं नहीं मान रही। अमरिका के साथ के कारण इज़रायल हठात अन्य संगठनों की अवहेलना करते हुए दुश्मन देश पर लगातार हमले कर रहा है। इसी प्रकार रशिया - यूक्रेन के बीच चल रहे युद्दद को देखें तो रशिया भी अपने तरिके से किसी की भी बात को मान नहीं रहा। एसे वातावरण में मीडिया की भूमिका स्पष्ट और तटस्थ रहनी चाहिए। पर आज हम जो भी समाचार देखते हैं या सुनते हैं, वह कितने विश्वशनीय हैं?, एक सवालिया निशान बनाता है। मीडिया को समाज का चौथा स्तंभ माना गया है, समाज के प्रति उसका दायित्व एक जागरूक पक्षकार के रूप में होता है। पर हम जानते हैं कि आज का मीडिया बिकाऊ है। ज्यादातर देश की शासक सरकार अपनी मुट्ठी में मीडिया को रखती है।

भू-राजनीतिने (Geopolitics) आज विश्व को एक साथ खड़ा कर दिया है। भारतीय परिवेश में देखे तो भारत विश्व में शांति दूत के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है। स्वतंत्रतापूर्व का मीडिया जो रूप में अपना दायित्व निभा रहा था वह दायित्व आज का मीडिया निभा रहै है? कारण स्पष्ट दिखायी देगा। आज मीडिया के सारे भाग फिर आप चाहे प्रिंट मीडिया ले लो या चाहे सोशल मीडिया ले लो या डिज़ीटल मीडिया ले लो सभी कहीं न कहीं अपने नैतिक दायित्व, जिम्मेदारी से हट गए हैं।

सरल भाषा में कहें तो मीडिया युद्ध का तात्पर्य उन स्थितियों से है, जहाँ विभिन्न संस्थाएं, राज्य या समूह एक दूसरे के विरोधी आख्यान (narratives) गढ़ते हैं, उनका प्रचार करते हैं और जनमत को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं। इस शोधपरक लेख में हम इस प्रवृत्ति के ऐतिहासिक, वैचारिक, सामाजिक, तकनीकी और वैश्विक परिप्रेक्ष्य का विश्लेषण करेंगे।

1. मीडिया का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य -

कोई भी परिवेश का एक ऐतिहासिक भाग होता है। मीडिया के बारे में जानकारी ली जाए तो यह बात सामने आती हैं कि समाचार का आदान -प्रदान तो प्राचीन दृष्टांतों के साथ हम देख सकते। पुराण काल में नारदमुनि का चरित्र जो कार्य करता हैं वह संदेश का आदान-प्रदान करता है। उनका काम ही था कि पृथ्वी पर घटी घटना को स्वर्ग में जाकर बताना और स्वर्ग में घटी घटना को पृथ्वी पर आकर बताना। हम जानते हैं कि मीडिया के इतिहास में आख्यानों की प्रतिस्पर्धा कोई नई बात नहीं है। प्राचीनकाल में राजा-महाराजाओं के दरबारों में सूचनाएं प्रचारित करने के लिए दूत या कवि प्रयुक्त होते थे। ब्रिटिश काल में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मीडिया एक युद्धक्षेत्र बन गया था। जहाँ ब्रिटिश शासन अपने औपनिवेशिक 'सभ्यता मिशन' को प्रचारित करता था, वहीं भारतीय अखबारों और नेताओं द्वारा स्वतंत्रता की आवाज़ को स्वर दिया जाता था। उदाहरण:-

- बाल गंगाधर तिलक के "केसरी" और "मराठा" जैसे पत्रों ने राष्ट्रवादी आख्यान रचे।
- ब्रिटिश मीडिया ने 1857 की क्रांति को 'सिपाही विद्रोह' बताकर उसके अर्थ को ही बदलने का प्रयास किया।

ये एसे उदाहरण है, जो भारत के मीडिया के दो पक्ष को प्रस्तुत करते हैं। परतंत्र देश का मीडिया अपने संग्राम को बताना के लिए स्वयं अखबार निकालकर अपने स्वतंत्रा संग्राम की ख़बरें देता था और अपनी आज़ादी के लिए झूझ रहा था तो ब्रिटिश सरकार विद्रोहात्मक ख़बरों को मार मचौड़कर गलत तरिके से दुनिया के सामने प्रस्तुत करती थी।

2. आधुनिक मीडिया में समाचोरो (आख्यानों) की प्रतिस्पर्धा -

आज के समय में मीडिया का पूरा कलेवर बदल गया है। आज मीडिया ने डिज़ीटल रूप प्राप्त कर लिया है। आज न्यूज़ रूम वॉर रूम जैसे बन गए हैं। एक ही समाचार को हर चैनलवाले रोचक बनाने के लिए कइ प्रकार के हथकड़ते अपनाती है। सुबह के प्रसारित समाचर रात तक एक अलग ही रूप लेकर प्रसारित होते हुए दिखते हैं। एक्सक्लुज़ीव रिपोर्ट में तो कुछ भी एक्सक्लुज़ीव नहीं रहता ओर लोग एक ही घटना को तीतर - बीतर होत हुए देखते है। यह होने के पीछे मीडिया में चल रही प्रतिस्पर्धा हैं। सभी को टी.आर.पी. (TRP) में नम्बर वन आना है। इसीलिए सब लोग कुछ न कुछ हटकर करने का प्रयास करते हैं।

2.1 पारंपरिक बनाम डिजिटल मीडिया - टेलीविजन, रेडियो और समाचार-पत्र जैसे पारंपरिक मीडिया ने लंबे समय तक सूचनाओं पर एकाधिकार बनाए रखा, किंतु सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्म के आगमन से आख्यान-निर्माण का लोकतंत्रीकरण हो गया। अब कोई भी व्यक्ति इंटरनेट के माध्यम से एक नया आख्यान गढ़ सकता है और उसे

https://www.gapbhasha.org/

वैश्विक स्तर पर प्रचारित कर सकता है।

प्रभाव:

- सत्ता और संस्थाएं अब अकेले आख्यान नियंत्रित नहीं कर सकतीं।
- 'फैक्ट-चेकिंग' आवश्यक बन गई है।

2.2 सोशल मीडिया का उदय - वर्तमान में सोशल मीडिया ने आकाश सी ऊंचाई प्राप्त कर ली है। आज हम सब इसके हिस्सेदार है। कह सकते हैं कि आज हम सब इसकी गिरफ्त में है। हम सब सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफोर्म पर हैं। फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब,एक्स जैसे मंचों पर आख्यानों का युद्ध स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। ट्रेंडिंग अभियान और बॉट्स द्वारा आख्यान निर्माण के नए युग की शुरुआत हुई है।

3. राजनीतिक दृष्टिकोण : आंतरिक लड़ाई -

आज मीडिया का अगर कोई सबसे ज्यादा उपयोग कर रहा है, तो वह है राजकिय पक्ष। सोशल मीडिया के अलग - अलग प्लेटफोर्म पर राजकिय पक्ष अपनी विचारधारा को मैसेज तथा रील्स और अन्य माध्यम के ध्वारा पोस्ट करने लगे हैं। राजनीति में मीडिया का उपयोग केवल प्रचार के लिए नहीं होता, बल्कि विरोधी पक्षों के विरुद्ध आख्यान तैयार करने के लिए भी होता है। चुनाव के दौरान विभिन्न दल अपने पक्ष में 'नैरेटिव' बनाते हैं और विरोधी दल के विरुद्ध नकारात्मक आख्यान गढ़ते हैं।

उदाहरण:

3. भारत में "चौकीदार चोर है" बनाम "मैं भी चौकीदार" जैसे नारे आख्यान-युद्ध के उदाहरण हैं।
4. अमेरिका में 2016 और 2020 के राष्ट्रपति चुनावों में "Fake News" और "Deep State" जैसे आख्यानों ने चुनाव को गहराई से प्रभावित किया।

4. मीडिया युद्ध में सच्चाई बनाम भ्रम -

मीडिया सच्चाई की धूरी पर होगा तभी उसकी विश्वसनीयता बनी रहेगी। मीडिया और सच्चाई में एक गहरी खाई हो गई हैं। परिणामत: साक्षरता प्राप्त व्यक्ति को मीडिया की खबरों की सच्चाई पर भ्रम होने लगे हैं। हम जानते हैं कि आज के दौर में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करना, अर्धसत्य को पूर्ण सत्य के रूप में दर्शाना और disinformation तथा misinformation फैलाना आम हो गया है। अब तो ए.आई टेकनोलोजी आ गई है, जिसने तो सोशल मीडिया में आमूलचुल परिवर्तन कर दिया है।

4.1 Deepfakes और AI-generated content - आजकल यह आम हो गया है कि समाचार हो या खबरें सही है या गलत हम तय नहीं कर पाते। सोशल मीडिया में कई वीडियो एसे प्रस्तुत हो रहे हैं जो प्रथम दृष्टि से सच्चे लगेंगे पर दरअसल वह सच्चे नहीं होते। उनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता से बनाए गए डीपफेक वीडियो और ऑडियो से सच्चाई और झूठ के बीच का भेद पकड़ नहीं सकते। सच्चाई और झुठ के वीच की रेखा धुंधली हो गई है। कुछ समय पहले हिन्दी फिल्मों की प्रतिभासम्पन्न नायिका रश्मिका मंदाना का एक अरुचिकर फेक वीडियो सोशल मीडिया में प्रचलन में रहा था। जो उनके व्यक्तित्व पर ठेस पहुचानेवाला रहा था। उनको बाद में उस वीडियो को लेकर स्पष्टीकरण करना पड़ा था। एसी कई सेलीब्रीटी के फेक वीडियो बनते रहै हैं। आज ए.आई का ज़माना आ गया है। यह टेकनोलोजी बहुत ही उपयोगी हो रही है, पर एक सावधानी का सूर भी फैल रहा है कि इस टेकनोलोजी के प्रयोग से सूचना की तटस्थता कितनी हैं यह जानना कठीन हो जाएगा। वर्तमान समय ए.आई सामग्री की जाल में फस जाएगा। अभी यूट्यब पर, इनस्टाग्राम पर हमारे देश के ही बड़े नेता, अभिनेता, सेलीब्रीटी के अनुचित वीडियो, शोर्टस् देखने को मिलते हैं। यह कार्य बहुत ही घिनौना है। इस पर सरकार को ही उचित कदम ऊठाने पड़ेंगे नहीं तो प्रतिष्ठित व्यक्तियों को हानि पहुँच सकती है।

4.2 सूचना की बाढ़ - आज सूचना की बाढ़ आ गई हैं। मीडिया में तीव्रता का बढ़ना समाचारों की सत्यता पर प्रश्नार्थ लगाता है। प्रतिस्पर्धा के कारण न्यूज़ चैनले न आव देखा न ताव देखा बस बिना जाँच-पड़ताल समाचारों को प्रस्तुत करने लगी हैं। अभी हाल ही में अहमदाबाद में बोइंग विमान का करुण हादसा हो गया। तब प्रादेशिक न्यूज़ चैनल ने बिना पड़ताल किए समाचार प्रसारित कर दिए कि आज शाम तक प्रधानमंत्री बोइंग हादसे के घटनास्थल का दौरा

https://www.gapbhasha.org/

करने अहमदाबाद आ रहे हैं। सही बात तो यह थी कि भारत सरकार के ओफिसियल पोर्टल पर एसे कोई समाचार को अनुमोदन नहीं था। मात्र टी.आर.पी (TRP) बढ़ाने के चक्कर में कुछ भी बक देना। ये समाचार नहीं बल्कि एक धोख़ा है देश की जनता के साथ। हम मानते है कि Information overload के कारण व्यक्ति के लिए सत्य और झूठ में अंतर करना कठिन हो गया है। पर सामान्य नोलेज तो हो सकता है, जो सच और झूठ का फर्क कर सके।

5. अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में मीडिया युद्ध -

आज विश्व में एक प्रकार का अशांति का माहौल है। एक ओर रशिया - यूक्रेन के बीच कई समय से युध्द चल रहा है, उसी प्रकार इज़रायल और पेलेस्टाईन के साथ गाज़ा पट्टी और अब ईरान के साथ युध्द चल रहा है। ठीक ऐसे ही मीडिया, सोशल मीडिया, इलेक्ट्रोनिक मीडिया या प्रिंट मीडिया सब के बीच एक प्रकार का वॉर कई समय से चल रहा है। दुनिया को सबसे पहले समाचार देन की हरिफाई में पीछे न रहे जाए की होड़ में चैनले बिना जाँच-पड़ताल किए समाचारो को प्रसारित कर रही है। इसका कारण अपनी चैनल को, अपने न्यूज़ पेपर को लोकप्रियता के शिखर पर पहुँचाने की ईच्छा मात्र रहती है। यह सही भी है पर विश्वसनीयता, भरोसा को खो-कर नहीं होनी चाहिए। इसका नतीज़ा यह आया है कि हर चैनल, मीडिया हाउस हो या सोशल मीडिया के बीच युध्द जैसा माहौल दिखने लगा है। हमारे भारत की न्यूज़ चैनलें तो अपने मीडिया रूम को वॉर रूम जैसे ही बना देती है। कईबार तो हास्यास्पद तरिके से न्यूज़ एंकर न्यूज़ को बताने की कोशिश करते हैं। युध्द विश्व के किसी कोने में चल रहा हैं, पर उनके न्यूज़ देखने से तो एसा लगने लगता है कि युध्द हमारे देश में ही चल रहा है, हमारे ड्रोइंग रूम में चल रहा है। एसा करने के पीछे उनका टी.आर.पी (TRP) गेम ही होता है। टी.आर.पी (TRP) में नंबर वन पर रहने के लिए ही ये सारे उपकरणों का प्रयोग करते हैं।

- रूस बनाम पश्चिम - रूस द्वारा यूक्रेन युद्ध के दौरान विभिन्न आख्यान गढ़े गए। जैसे "नाज़ीकरण का अंत करना"।
- पश्चिमी मीडिया रूस को 'आक्रामक' के रूप में प्रस्तुत करता रहा।
- चीन का 'Soft Power' नैरेटिव - बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) को चीन ने विकास के मॉडल के रूप में प्रचारित किया।
- कई विशेषज्ञ इसे भू-राजनीतिक विस्तार का उपकरण मानते हैं।

6. मीडिया युद्ध में गैर-सरकारी संगठन-समूह(सिविल सोसाइटी) और बुद्धिजीवियों की भूमिका

आज के भू-राजनीति (Geopolitics) के मंच पर मीडिया को आईना दिखाने का काम अगर कोई कर सकता है तो देश का बुध्दिजीवी वर्ग। जब मीडिया अपना दायित्व भूल जाता है तो उसको सही रास्ता दिखाने का काम समाज के बुद्धिजीवी, पत्रकार, शिक्षक और समाजसेवी को निभाना पड़ता है। ये लोग मीडिया युध्द में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। स्वतंत्र पत्रकारिता, शोधपूर्ण लेखन और सत्य पर आधारित संवाद ही इस युद्ध में दीर्घकालीन समाधान दे सकते हैं। उदाहरण स्वरूप : ऑल्ट न्यूज़, बूम, द वायर, न्यू स्लैंट आदि संस्थाएं फैक्ट चेकिंग कर जनता को सही सूचना देने का कार्य कर रही हैं। हम एसी संस्थाओं के ध्वारा दी गई कोई भी टिप्पणी पर विश्वास कर सकते हैं। 'अभी हमारे देश में सर्वोच्च अदालत ने सोशल मीडिया प्लेटफोर्म पर टेकस्ट या वीडियो माध्यम ध्वारा असामाजिक अभिव्यक्ति के कारण उद्भवित विभाजनकारी वृत्तियों को वश में रखने की ज़रुरत पर ध्यान खींचते हुए स्व-नियम के प्रति जागृत होने की बात कहीं है। कारण था कि एक नागरिक पर कई राज्यों में एक खास धर्म के देवताओं के विरुध्द अनुचित पोस्ट करने के कारण एफ.आर.आई. हुई थी। इस मामले में सर्वोच्च अदालत ने बात रखते हुए कहाँ कि देश के नागरिको को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के मूल्य को समजना चाहिए और इस अधिकार का उपयोग करते समय नागरिक स्वयम् आत्मसंयम रखे यह ईच्छनिय है।'[2] यह समाचार अभी के हैं। हम देख सकते हैं कि आज सोशल मीडिया में कईबार गलत बातों को लेकर देश के हालात बिगड सकते हैं तो स्वयम् सर्वोच्च अदालत को आँख लाल करनी पड़ती है।

7. मीडिया पर बाजारीकरण का प्रभाव -

वर्तमान में मीडिया पर बाज़ारीकरण का प्रभाव बहुत हद तक बढ़ गया है। ज्यादातर न्यूज़ चैनले कोई न कोई कोर्पोरेट संस्थान से जुडी हुई हैं। ये चैनले सेवा नहीं कर रही पर बीज़नेस कर रही है और जहाँ बीज़नेस होगा वहाँ

https://www.gapbhasha.org/

